कार्यालय उ0प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या–01/06/अति0–1/2020–21
प्रयागराजः दिनांकः 24 फरवरी 2020

विज्ञप्ति

सहायक अभियोजन अधिकारी (प्रा0) परीक्षा–2018 जो दिनांक 16 फरवरी, 2020 को आयोजित की गयी थी, से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकारक सामान्य ज्ञान तथा विधि विषय के चारों सिरीज (ए, बी, सी व डी) की प्रश्नपुस्तिकाओं की ''उत्तर कुंजी'' आयोग की वेबसाइट- uppsc.up.nic.in पर दिनांक 28 फरवरी, 2020 तक उपलब्ध है। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित ''उत्तर कुंजी'' को देख लें और यदि कोई विसंगति उन्हें प्रतीत होती है, तो इस सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन संगत साक्ष्य सहित (दिये गये प्रारूप पर अनिवार्यतः सामान्य ज्ञान तथा विधि दोनों विषयों हेतु अलग–अलग) आयोग को एक ही बन्द लिफाफे में जो अरविन्द कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक, अतिगोपन–1 अनुभाग, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को सम्बोधित हो, डाक द्वारा अथवा आयोग के काउन्टर पर दिनांक 29 फरवरी 2020 के सायं 6.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करा सकते हैं। बिना साक्ष्य के प्राप्त/असंगत साक्ष्य वाले प्रत्यावेदनों पर विचार नही किया जायेगा। प्रत्यावेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि 29 फरवरी 2020 है। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त प्रत्यावेदन पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

प्रारूप

1–अभ्यर्थी का नाम...
2–अनुक्रमांक..
3–परीक्षा का नाम...
4–विषय का नाम..
5–प्रश्नपुस्तिका सिरीज..

क0सं0	प्रश्न संख्या	आयोग का उत्तर	प्रत्यावेदक का उत्तर	साक्ष्य
1	2	3	4	5

अभ्यर्थी का नाम एवं हस्ताक्षर.....................................

(अरविन्द कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक